हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 23 जुलाई 2025



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# अंबागढ़ चौकी में तेंदुआ, मानपुर में गजराज की धमक, दहशत में लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी शहर सहित आसपास के गांवों में बीते 15 दिनों से जंगल छोड़ आबादी में घुसकर लगातार शिकार कर रहे शिकारी तेंदुआ के आमद से अंबागढ़ चौकी वन रेंज अलर्ट मोड पर है। वहीं एक बार फिर एक दंतैल बस्तर-कांकेर वन परिक्षेत्र से विचरण करते मानपुर क्षेत्र के उत्तर परिक्षेत्र में हुंकार भर रहा है।

उल्लेखनीय है कि बीते 15 दिनों से लगातार अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम आटारा, पांगरी तथा अंबागढ़ चौकी नगर के मेरेगांव में जंगली-जानवर तेंदुआ आबादी में घुसकर अब तक दो बछड़ों का शिकार कर चुका है। लगातार तेंदुआ अंबागढ़ चौकी नगर के ही आसपास मंडरा रहा है। वन परिक्षेत्र अंबागढ़ चौकी के फॉरेस्ट अफसर व कर्मचारी लगातार तेंदुआ की गतिविधियों पर अलर्ट जारी कर ग्रामीणों और नगरवासियों को सतर्क करने में जुटे हुए हैं। इधर सोमवार से फिर एक जंगली हाथी मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला के मानपुर उत्तर वन परिक्षेत्र के मेढ़ा, कोराचा के जंगल और बस्ती में नजर आया है। ग्रामीणों ने जंगली हाथी का सड़क पार व बस्ती में घुसते हुए अपने मोबाइल फोन में वीडियो व फोटो भी बनाया है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला के वन मंडलाधिकारी दिनेश पटेल ने हरिभूमि से जानकारी ⏩ शेष पेज 12 पर

## वनांचल में वन अमला मुनियादी कर ग्रामीणों को कर रहा सतर्क

### अब तक तीन को उतार चुके हैं मौत के घाट

विगत 7 सालों से सिंगल, जोड़ा तथा झुंड में जंगली हाथी लगातार मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में दस्तक देते आ रहे हैं। इस दौरान जंगली हाथियों ने पानाबरस क्षेत्र के भैंसबोर्ड में दो, परसघाट में एक आदिवासी को कुचल-कुचल कर मौत के घाट उतार दिए हैं। वहीं मिंजगांव में एक बुजुर्ग को बुरी तरह से घायल कर चुके हैं।



### बरत रहे सतर्कता

जंगली-जानवरों के लिए जिले को हाईअलर्ट किया गया है। अंबागढ़ चौकी में तेंदुआ के लिए सतर्कता बरती जा रही है। वहीं मानपुर में जंगली हाथी को लेकर विभाग हाईअलर्ट पर है। गांव-गांव में मुनियादी कराई जा रही है।

- **दिनेश पटेल**, डीएफओ, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी

### बनाया ग्रीन कॉरिडोर

जंगली हाथियों का लगातार मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में आना-जाना लगा हुआ है। जंगली हाथी उड़ीसा, गरियाबंद, बालोद, कांकेर जिला होते हुए मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में दाखिल होते हैं। यहां से वे गढ़चिरौली के घनघोर जंगल में विचरण करने चले जाते हैं। वहां से फिर उसी रास्ते से लौटते हैं। यह सिलसिला लगातार चलते आ रहा है। अनुमान के मुताबिक बताया गया कि लगभग ढाई सौ किलोमीटर में हाथी अपने विचरण के लिए ग्रीन कॉरिडोर बना लिए हैं।

# बड़ी लापरवाही: वाटर प्लांट में एलम नहीं होने से पेयजल आपूर्ति ठप, 30 हजार परिवार प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम के अधिकारियों और सप्लायर की लापरवाही के चलते मोहारा फिल्टर प्लांट में एलम खत्म होने से पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है । शहर पहले ही जल संकट से जूझ रहा है, वहीं अब फिल्टर प्लांट में फिटकिरी खत्म होने के चलते मोहारा संयंत्र के दोनों फिल्टर प्लांट बंद हो गये हैं। जिसकी वजह से आज शहर में चंद मिनट ही पेयजल सप्लाई हो पाई है। वही फिटकरी के अभाव पानी फिल्टर नहीं हो रहा है और शहर की टंकियां खाली पड़ी है। शहर के वार्डों में भी टैंकर नहीं पहुंच पाया, वहीं वार्ड में रखी टंकियां भी खाली पड़ी हुई है।

बारिश के दिनों में पहले ही पानी काफी मटमैला रहता है, ऐसे में पानी को साफ करने के लिए उपयोग होने वाले फिटकरी खत्म होने के चलते पानी फिल्टर नहीं हो पाया है । जिसकी वजह से शहर में पेयजल सप्लाई बाधित हो रही है। फिल्टर प्लांट की जिम्मेदारी संभालने वाले लोगों और सप्लायर ने एलम खत्म होने से पहले फिल्टर प्लांट में एलम नहीं पहुंचा है। जिसकी वजह से फिल्टर प्लांट बंद हो चुका है और इस लापरवाही का खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### ठेकेदार पर होगी कार्रवाई

एलम पहुंच चुका है। एलम की वजह से अगर जलापूर्ति प्रभावित हुई होगी तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कल दोनों पहर जलापूर्ति होगी ।

- **अतुल विश्वकर्मा**, आयुक्त, ननि



### ठेकेदार को नोटिस जारी

नगर निगम द्वारा सप्लायर को लगभग 15 दिन पहले एलम सप्लाई करने कहा गया था । ठेकेदार की लापरवाही के लिए निगम से शोकॉज नोटिस भी जारी किया गया है। सूत्रों ने बताया कि सप्लायर को पेमेंट नहीं होने के कारण ही ऐसी स्थिति निर्मित होने की जानकारी सामने आ रही है। बताया जाता है कि सप्लायर का लाखों रुपए का भुगतान अटका हुआ है। यही कारण है कि सप्लायर ने एलम की सप्लाई ही नहीं की।

### बिना फिटकरी सप्लाई

नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि यहां तेजस कंपनी द्वारा फिटकरी सप्लाई की जा रही है। कभी-कभी यह फिटकरी भी नहीं डालते हैं। शहर की जनता को धीमा जहर पिलाया जा रहा है । उन्होंने कहा कि पेयजल के साथ खिलवाड़ हो रहा है, जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । बिना फिटकरी शहर को पानी पिलाने से डायरिया सहित अन्य बीमारी फैल सकती है । उन्होंने कहा कि इस मामले पर सड़क की लड़ाई लड़ी जाएगी ।

### खाली पड़ा है गोदाम

फिल्टर प्लांट में फिटकरी नहीं होने की जानकारी मिलने पर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के साथ कांग्रेस पार्षद दल ने संयंत्र का निरीक्षण किया और यहां पूरी अव्यवस्था दिखाई दी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि गोदाम में फिटकरी नहीं है। जिसकी वजह से फिल्टर प्लांट बंद हो गया है। वहीं यहां एक मोटर भी जल चुका है, जिसे सुधारा नहीं गया है। उन्होंने कहा कि यहां अमृत मिशन और निगम के एक-एक प्रभारी है, लेकिन दोनों मौके से गायब हो गए हैं। वहीं फिटकरी नहीं होने से शहर में पानी सप्लाई भी नहीं होगी।

### आज होना था सप्लाई

शहर में एक दिन के अंतराल में शाम के वक्त पेयजल सप्लाई होती है । सोमवार को पानी सप्लाई नहीं होने के बाद मंगलवार को लोग नल आने का इंतजार करते रहे, लेकिन एलम की वजह से पानी फिल्टर नहीं हो पाने के चलते मंगलवार शाम शहर में पेयजल आपूर्ति नहीं हुई।

### दोनों संयंत्र बंद

मोहरा स्थित रानी जोत कुंवर जल शोधन संयंत्र के गोदाम में एलम भरा रहता है, लेकिन ठेकेदार द्वारा अब तक एलम की सप्लाई नहीं होने की वजह से गोदाम पूरी तरह से खाली पड़ा हुआ है। एलम नहीं होने के चलते पानी भी फिल्टर नहीं हो पा रहा है और फिल्टर प्लांट के नए एवं पुराने दोनों संयंत्र बंद पड़े हुए हैं।

## ढाबा में शराब पिलाने की व्यवस्था, आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होटल-ढाबों में अवैध रूप से शराब पीने-पिलाने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्रवाई अभियान छेड़ा गया है। जिसके तहत पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा अवैध शराब परिवहन, बिक्री, पीने के लिए सुविधा उपलब्ध किए जाने के संबंध में संज्ञान में लेते कार्रवाई हेतु निर्देश दिया है। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के नेतृत्व में अवैध शराब परिवहन, बिक्री एवं पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों के विरूद्व प्रभावी कार्रवाई हेतु टीम गठित किया गया।

### की कार्रवाई

गठित टीम द्वारा ग्राम ढारा से करेला के मध्य



स्थित ढाबा को चेक करने पर वर्मा ढाबा, पाल ढाबा और जय वीरा ढाबा में अवैध रूप से शराब पीने के लिए सुविधा उपलब्ध कराते पाए जाने पर आरोपी रामअवतार वर्मा 35 साल निवासी ढारा, उपकार सिंह भाटिया 56 वर्ष निवासी बुधवारीपारा, विनोद हठीले 41 साल निवासी देवकट्टा के विरूद्ध आबकारी एक्ट की तहत कार्रवाई की गई।

## खबर संक्षेप

### पालकी यात्रा आज

**राजनांदगांव।** श्री महाकाल अपने श्री चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में कल 23 जुलाई को नगर भ्रमण करेंगे।



इस अवसर पर महादेव नगर की युवा टीम व गौरी नगर के श्रद्धालु, सनातन, धर्मप्रेमी बंधुओ के सहयोग से यह भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया गया है। यह भक्ति यात्रा महादेव नगर से प्रारंभ होकर शीतला माता मंदिर चौक प्रसन्न दास मार्, गौरा चौरा से गौरीनगर तालाब स्थित महादेव मंदिर व मुख्य मार्ग से होते अचानक नगर शिव हनुमान मंदिर होते स्टेशनपारा मिलन चौक के बाद शहर भ्रमण का कार्यक्रम रखा गया है। समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि इस पालकी यात्रा में शामिल हों।

### 24 को शनि जन्मोत्सव

**राजनांदगांव।** श्रावणी या हरियाली अमावस्या 24 जुलाई को शहर में शनि जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्राचीन शनि मंदिर कामठी लाइन में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। मंदिर के सेवक दिलीप शर्मा ने बताया कि 24 जुलाई को तड़के 4 बजे महाभिषेक व दोपहर एक बजे यज्ञ पश्चात भंडारा व शाम 7.30 बजे महाआरती होगी। रात्रि 8 बजे से रामचरित मानस के सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा।

### माय एंगल




# एनएच में कांग्रेस का प्रदर्शन, दो घंटे तक आवागमन रहा बाधित

### ईडी, केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर हुई नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ईडी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र पर कार्रवाई के मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राजनांदगांव शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आर्थिक नाकेबंदी करते नेशनल हाईवे में पारीनाल बायपास चौक पर दो घंटे तक चक्काजाम किया गया। इस चक्काजाम में कांग्रेस के चार विधायकों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रदेश में बढ़ते अपराध के मामले, जंगलों की कटाई, परिवर्तन निदेशालय का दुरूपयोग, कानून व्यवस्था सहित अन्य मामलों को लेकर कांग्रेसियों ने नेशनल हाईवे जाम किया और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस द्वारा आयोजित इस आर्थिक नाकेबंदी और चक्काजाम की वजह से नेशनल हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। नेशनल हाईवे पर बैठकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बायपास रोड सहित दुर्ग-राजनंदगांव मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। ⏩ शेष पेज 12 पर



### आम लोगों को हुई परेशानी

दोपहर 12 से 2 बजे तक कांग्रेस के चक्काजाम से आम लोगों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। नेशनल हाईवे पर चक्काजाम की वजह से दुर्ग-राजनांदगांव मार्ग बंद हो गया और दोनों तरफ सैकड़ों वाहनों की कतारें लग गई । ट्रकों के अलावा फोर व्हीलर और टू व्हीलर भी पार नहीं हो पाए। हालांकि कांग्रेस ने स्कूल बस और एम्बुलेंस को जाने दिया।

### नहीं उठा पाई पुलिस

नेशनल हाईवे में दो घंटे चक्काजाम की सूचना कांग्रेस द्वारा पूर्व में ही दे दी गई थी। चक्काजाम के दौरान मौके पर पुलिस बल भी मौजूद रही, लेकिन पुलिस कांग्रेसियों को सड़क से नहीं उठा पाई और कांग्रेसी पूरे 2 घंटे तक सड़क पर ही डटे रहे।

### सरकार को घेरा

आर्थिक नाकेबंदी करते चक्काजाम के दौरान कांग्रेस ने केंद्र और प्रदेश सरकार को घेरते शासकीय एजेंसी का दुरूपयोग का आरोप लगाया। वहीं प्रदेश में जल, जंगल, जमीन बेचने और अराजकता का माहौल बनाने को लेकर सरकार को घेरा।

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 •89595-44444

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह अगस्त 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 अगस्त से 31 अगस्त तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 जुलाई 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100

कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रॉ में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

## खबर संक्षेप

### आवास की राशि के लिए भटक रही वृद्धा



**पटेवा।** ग्राम की वृद्ध कौशल्याबाई देवांगन अपने मृत पति स्व केजूराम देवांगन के नाम पर स्वीकृत राशि को अपने खाते में ट्रांसफर कराने कई महीनों से चक्कर लगा रही है। वृद्धा ने बताया कि नवम्बर 2024 में केजूराम आ गिरधर लाल के नाम पर प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था। पहली किस्त में 40 हजार जारी कर दिया गया है। यह राशि को मृतक हितग्राही के खाते में जमा कर दिया गया है। पति की मौत के बाद जनपद पंचायत ने बैंक खाता का केवायसी कराने कहा था जिसे करा दिया गया है किन्तु अब तक मृत पति के नाम पर स्वीकृत राशि उसके खाते में ट्रांसफर नहीं हुई है। वृद्धा ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर राशि दिलाने के लिए गुहार लगाया है।

### बढ़ रहा संक्रमण का खतरा

**मोहला।** जिले में खाद्य निरीक्षक तो तैनात है किन्तु उन्हें कोई भी जानता पहचानता नहीं है। होटल सहित अन्य व्यवसायियों ने भी निरीक्षक को नहीं देखा है। विभाग द्वारा अब तक की गई कार्यवाही से क्षेत्रवासी अनभिज्ञ है। वर्तमान में बारिश का सीजन है। होटल और खोमचों में असुरक्षित तरीके से खाद्य सामग्री बेचा जा रहा है जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है इसके बाद भी विभाग बेपरवाह बना हुआ है।

### सड़क पर बारिश का पानी जाम



**मोहला।** जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग में बारिश होने पर जल भराव हो जाता है। परेशानी होने के बाद भी सड़क को दुरुस्त नहीं किया जा रहा है वहीं स्थानीय व्यापारी जल निकासी की अनदेखी कर मार्ग के खोदकर दुकान का विस्तार करते जा रहे है। विभागीय अधिकारी इन्ही मार्ग पर गुजरते हैं पर कार्रवाई करने से परहेज कर रहे है। गड्ढों में बारिक गिट्टी डाला जाता है जोबिखर कर सड़क को उबड़ खबड़ कर देती है पहलस्वरूप दो पहिया वाहन चालकों सहित अन्य को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### जंगलपुर में मानस संगोष्ठी आयोजित



**सड़क अतरिया।** ग्राम जंगलपुर में तुलसी मानस प्रतिष्ठान ने गत दिनों मानस संगोष्ठी का आयोजन किया।पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मानस कर्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किया। इस दौरान मुकुंद मिश्रा, नोहरराम जंघेल, हीररूाम निषाद एवं आशानंद शिवहरे ने प्रतिष्ठान में आजीवन सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम में तुलसी मानस प्रतिष्ठान के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र लोचन तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित जंघेल, लालाराम जंघेल, ब्लाक अध्यक्ष बद्रीराम साहु, युवराज सिंह ठाकुर, गजराज जंघेल सहित अन्य शामिल हुए।

### चार लाख की आर्थिक सहायता

**सड़क अतरिया।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6- 4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। कुछ माह पहले सड़क अतरिया निवासी देवकुमार यादव की मृत्यु तालाब में डूबने से हो गई थी। मृतक के निकटतम वारिसान तिहारू यादव पिता ननकू यादव को आर्थिक सहायता राशि दी गई है तहसीलदार को स्वीकृत राशि का आहरण कर भुगतान करने कहा गया है।

### चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में मनाया ग्रीन डे



**डोंगरगांव।** नगर के चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में शनिवार को ग्रीन डे मनाया गया। केजी वन, टू और कक्षा वन बच्चों ने पौधरोपण किया। मां सरस्वती और गणेश की पूजा कर पर्यावरण एवं स्वच्छता जैसे विषयों पर बच्चों ने नाटक, भाषण तथा नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा प्ले एवं नर्सरी के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों ने हरे रंग के कपड़े पहन कर शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रीति कुलदीप ने किया। यह जानकारी संस्था प्रमुख अनिल रूपलानी ने दी।

### समस्या सुनकर किया समाधान



**डोंगरगढ़।** सोमवार को इंदिरा नगर वार्ड 5 में शिव मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, भाजपा शहर अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्धोआना, सरफराज, शुभम परिहार शामिल हुए। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष डोंगरे ने वार्डवासियों की शिकायतें एवं मांगों को सुना। पानी की समस्या को देखते हुए नई पाइप लाइन बिछाने की स्वीकृति दिया।

### पांच कुंडीय महायज्ञ आयोजित

**डोंगरगढ़।** श्रीमद भागवत सेवा संस्थान शाखा डोंगरगढ़ के तत्वाधान में बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में प्रथम दिवस सुबह पांच कुण्डीय रूद्र महायज्ञ आरंभ हुआ जिसमें भक्त यजमान बनकर सम्मिलित हुए। जिसके बाद गुरुदेव महाराज ने शिव महिमा का बखान किया। उन्होंने भगवान राम और शंकर की कथा को विस्तारपूर्वक बताया। इस मौके पर मनोज शर्मा, दानी महाराज, सुदामा महाराज, अलका जयत सहारे, महेन्द्र बंसोड, डॉ. हितेन्द्र साहू, पुष्पेन्द्र कोलियार, राजू साहू, ओमप्रकाश वर्मा, हरिशंकर बघेल उपस्थित थे।

## मरम्मत कराने में कोताही कर रहा विभाग

# विकास के दावे की पोल खोलती जर्जर सड़कें, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏩ सड़क अतरिया

कई सालों से विकास के दावे किए जा रहे है किन्तु गांव की दशा में किसी प्रकार का बदलाव देखने नहीं मिल रहा है। ग्रामीण आज भी खस्ताहाल सड़कों पर सफर करने मजबूर है। सड़क की हालत से वाकिफ कराने के बाद लोक निर्माण विभाग सुध नहीं ले रहा हैं।

जानकारी के अनुसार बारिश के बाद सड़कों पर छोटे बड़े गड्ढे उभर आए हैं। गड्ढों के कारण वाहन हिचकोले खाते गुजर रहे हैं। सड़क की हालत खराब होने से ग्रामीणों के साथ स्कूली छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत संड़ी से ठंडार तथा संड़ी से पंडरिया तक बनी सड़क जर्जर हो गई है। विधायक प्रतिनिधि लिखन जंघेल सहित ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर गड्ढे नजर आने लगे है। गड्ढों में बरसाती पानी भरने से वाहन एवं सायकिल चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इस मार्ग से प्रतिदिन स्कूल जाने वाले छात्रों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मरम्मत नहीं कराने से सड़क उखड़ते जा रही है और कुछ जगह तो पक्की सड़क ही नजर नहीं आ रही।

### स्कूली बच्चे भी जूझ रहे समस्या से



#### खैरबना मार्ग की भी हालत खराब

मानपुर से खैरबना मार्ग भी काफी जर्जर हो गया है। इस मार्ग से ज्यादातर स्कूली छात्र आना जाना करते हैं। मार्ग की हालत दयनीय होने से छात्रों के गिरकर घायल होने का डर बना रहता है। इस मार्ग में एक पुल पिछले साल से जर्जर हो चुका है जिसे आज तक ठीक नहीं किया जा सका है। बारिश होने पर इस पुल को पार करना छात्रों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। ग्रामीण मरम्मत कराने की गुहार लगा रहे हैं पर अब तक किसी ने सुध नहीं लिया है। जनपद सदस्य डोमार सिंह ने लोगों की समस्या को देखते हुए मार्ग सुधार कराने का आश्वासन दिया है।

# मृत रेल कर्मी के परिवार को एक करोड़ की सहायता



हरिभूमि न्यूज ⏩ डोंगरगढ़

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे डोंगरगढ़ में ट्रैकमैन के पद पर नियुक्त रविशंकर की कार्य के दौरान मृत्यु हो गई थी। मौत के पश्चात उनके रेलवे सैलरी पैकेज में होने के फलस्वरूप उनके परिवार को स्टेट बैंक ने एक करोड का चेक प्रदान किया। चेक देने के दौरान स्टेट बैंक के रीजनल मैनेजर रूपक कुमार मंडल, शाखा प्रबंधक अभिषेक सिंह, सहायक प्रबंधक मनीषिका मिश्रा, अजय डोंगरे, अमन डोंगरे, रेलवे के मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ रवि तेजा, वरिष्ठ सहायक मंडल अभियंता ऋषभ यादव आदि उपस्थित थे। रेल दुर्घटना के बाद मंडल रेल प्रबंधक दीपक गुप्ता तथा मंडल कार्मिक अधिकारी उदय कुमार भारती के प्रयासों से यह राशि मिली है। इस मौके पर बैंक अधिकारियों ने बैंक की योजनाओं की जानकारी दी तथा सभी कर्मचारियों को आरएसपी योजना में खाता खोलने की सलाह दी। सहायक मंडल अभियंता श्री यादव, मुख्य कल्याण निरीक्षक देवेंद्र साखरे ने संबोधित करते हुए बताया कि शीघ्र ही रेल कर्मचारियों के लिए इस संबंध में सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

# युवकों ने की ग्रामीणों से मारपीट, तीन घायल

**गंडई पंडरिया।** मोहगाव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरचा में असामाजिक तत्वों का आतंक देखने मिला है। गत 18 जुलाई को दोपहर करीब 2 बजे पुल के पास कुछ युवकों को घूमने-फिरने से टोकने पर उन्होंने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। इस हमले में तीन ग्रामीण घायल हो गए। एक को गंभीर चोटें आई हैं। देवरचा निवासी भगत सिंह ने बताया कि वह 18 जुलाई को नरेंद्र धुर्वे और गुलशन धुर्वे के साथ पुल की ओर गए थे। पुल के पास एक मोटरसाइकिल पर तीन लड़के खड़े दिखे। पूछताछ करने पर तीनों भड़क गए और गालियाँ देने लगे। गाली देने से मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। उसी समय पीछे से एक और मोटरसाइकिल पर तीन अन्य लोग आए और वहीं रुक गए। छह लोगों ने भगत सिंह और उनके दोस्तों पर हमला कर दिया। मारपीट के बाद सभी हमलावर भाग निकले। उक्त घटना में भगत सिंह के बाएँ हाथ, बाएँ पैर और पीठ पर चोटें आई हैं। नरेंद्र धुर्वे के सिर और सीने पर चोटें लगी हैं। गुलशन धुर्वे मौके से भागने में सफल रहे, जिससे उसे चोट नहीं आई। घटना के बाद भगतसिंह और नरेंद्र ने घर आकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा



पवित्र सावन माह में मध्यप्रदेश के अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर कबीरधाम जिले के जलेश्वर दादा डोंगरिया, बाबा भोरमदेव और पंचमुखी बूढ़ा महादेव में जलाभिषेक के लिए पदयात्रा पर निकले हजारों कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में सैलाब लगा हुआ है। उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा की विशेष पहल पर मृत्युंजय आश्रम में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क ठहरने, गर्म भोजन, स्वल्पाहार और चिकित्सा सुविधा की व्यापक व्यवस्था की गई है। आश्रम में भंडारा, प्रसादी और नाश्ते की व्यवस्था निरंतर जारी है, जिससे दूर-दराज से आने वाले पदयात्री बिना किसी परेशानी के अपनी यात्रा पूरी कर सकें। जिला बोल बम समन्वय समिति के सदस्यों ने बताया कि 22 जुलाई को ही 2 हजार से अधिक कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने मृत्युंजय आश्रम में निःशुल्क भोजन और प्रसादी का ग्रहण किया। कांवड़ियों के प्रस्थान के दौरान उन्हें सेव, बूंदी, बिस्किट जैसे हल्के नाश्ते का भी वितरण किया जा रहा है, ताकि बीहड़ जंगलों से गुजरते समय उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। सुबह के समय सभी कांवड़ियों और श्रद्धालुओं को पोहा, चाय और बिस्किट का नाश्ता भी उपलब्ध कराया जा रहा है। अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर निकले कांवड़ियों का यह धार्मिक सफर केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण की मिसाल भी बन गया है। मृत्युंजय आश्रम में पदयात्रियों को विश्राम, भोजन, प्रसादी और स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। आश्रम परिसर में दिन-रात गूंजते भक्ति गीत, बोल बम के जयघोष और डमरू की थाप पूरे वातावरण को शिवमय बना रहे हैं। कांवड़ियों के समूह भगवा वस्त्र, कंधों पर सज्जित कांवड़ और भक्ति भाव से ओत-प्रोत होकर सावन माह की इस पवित्र पदयात्रा को अद्वितीय बना रहे हैं।

# दुर्घटना को न्यौता देता टीन शेड

**गंडई पंडरिया।** वार्ड 5 में हटरी चौक स्थित रानी लच्छन कुंवर कन्या प्राथमिक शाला में लगभग डेढ़ माह पहले आँधी-तूफान से पुराने कमरों का टीन शेड एंगल सहित उखड़ कर अटक गया है जिसे अब तक न सुधारा गया और न हटाया गया है। यह टीन शेड लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। दोबारा तेज हवा चलने पर यह टीन शेड उड़कर बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

जानकारी के अनुसार करीब डेढ़ माह पहले तेज हवा ने पुराने शाला भवन के टीन शेड को क्षतिग्रस्त कर दिया। लोगों ने बताया कि प्रशासन की अनदेखी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। शाला में पदस्थ शिक्षक संतोष शर्मा ने बताया कि यह स्कूल सन 1948 के आसपास बनाया गया था। इसके सभी कमरे जीर्ण-शीर्ण हो गए थे। सन 2004 में नया भवन बनने के बाद से कक्षाएं नए भवन में लग रही हैं। वर्तमान में यहाँ 53 छात्राएँ हैं। शिक्षक शर्मा ने बताया कि पुराने कमरों में लगा टीन शेड डेढ़ माह पहले हवा-तूफान में क्षतिग्रस्त हो गया था। शाला विकास समिति और स्कूल प्रबंधन ने पुराने कमरों को डिस्मेंटल करने 22 जून को नगर पंचायत में आवेदन दिया था।



#### हटाया जाएगा शेड

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अविनाश देवांगन ने बताया कि इंजीनियर को भेज कर स्थल निरीक्षण कराया जाएगा और टीन शेड को हटाया जाएगा। आवेदन के आधार पर सवैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# बिजली दर में वृद्धि का विरोध



**घुमका।** कांग्रेसियों ने बिजली दर में वृद्धि का विरोध करते हुए गत दिनों राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने विद्युत कार्यालय का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी किया। बिजली की बढ़ी दर को वापस लेने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए प्रति यूनिट 10 से 20 पैसे एवं गैर घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 25 पैसे, कृषि उपभोक्ताओं के लिए 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की है जो अनुचित है। दर वृद्धि से उपभोक्ता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतन यादव, जनपद सदस्य तुलसी वर्मा, दौलतराम देवांगन, दानी वर्मा, ईश्वर वर्मा, नारद वर्मा, जितेंद्र साहू, पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा, जयकुमार वर्मा, खेमचंद, पप्पू वर्मा आदि उपस्थित थे।

### कार्यक्रम आयोजित

**डोंगरगढ़।** मोहारा द्वारा कलस्टर आजीविका मिशन कार्यक्रम में भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष हीराराम वर्मा, महामंत्री रवि यादव, नामदेव साहू, बैंक प्रबंधक श्री चंद्रवंशी, श्री मनाडे, बिहान अध्यक्ष किरण, प्रभा वर्मा, नीलम जैन शामिल हुए।

## मुख्य न्यायाधिपति ने निर्माण को बताया हितकारी

# अंबागढ़ चौकी में बनेगा न्यायिक कर्मियों के लिए आवासीय परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏩ मोहला

अंबागढ़ चौकी में न्यायिक कर्मचारियों के लिए आवासीय परिसर के निर्माण का भूमिपूजन मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति श्री सिन्हा ने कहा कि न्याय केवल एक अमूर्त आदर्श नहीं, बल्कि एक व्यवहारिक आवश्यकता है जिसे हर नागरिक तक पहुंचाना राज्य की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय व्यवस्था के सुचारु संचालन के लिए न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर कार्य एवं निवास देना आवश्यक है। श्री सिन्हा ने याद दिलाया कि 29 मार्च 2025 को अंबागढ़ चौकी में फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना करके इस क्षेत्र में न्यायिक समाधान की दिशा में एक बड़ी शुरुआत की गई थी। उसी कड़ी में अब आवासीय परिसर का निर्माण इस प्रयास को और मजबूती देगा। इससे न केवल न्यायिक कर्मचारियों को राहत मिलेगी, बल्कि यह परिसर उन्हें कानूनी व्यवस्था से बेहतर ढंग से जुड़ने का माध्यम बनेगा।

#### सुविधाओं का होगा विस्तार

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह निर्माण केवल समय की मांग नहीं, बल्कि न्यायिक कर्मचारियों की तात्कालिक जरूरतों को देखते हुए दूरदर्शी कदम है।



सुविधासंपन्न आवासीय परिसर उपलब्ध होने से न्यायिक कर्मचारी भावनात्मक और आर्थिक तनाव से बचेंगे, जिससे उनके कार्य प्रदर्शन में सुधार होगा। मुख्य न्यायाधिपति श्री सिन्हा की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों की चिंताओं को समझा और उन्हें समाधान देने के लिए लगातार प्रतिबद्धता दिखाई, जो न्याय नीति और मूलभूत ढांचे को सुदृढ़ बनाने के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। भूमिपूजन कार्यक्रम में राजनांदगांव जिले के पोर्टफोलियो न्यायाधीश, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अधिवक्ता संघ, जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार गण्डई**
**जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**
रा.प्र.क. 202507291100016 ब-121 वर्ष 2024-25
ग्राम लालपुर प.ह.नं. 15 रा.नि.नं. पेंडरवानी तहसील गंडई जिला के.जी.सी. (छ.ग.)

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक राधेश्याम सोरी पिता मंगल जाति गोड निवासी चकनार तहसील मंडई जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदक भूमिस्वामी के संयुक्त नाम पर ग्राम लालपुर स्थित भूमिखाता के 220 ख.नं. कमशः 93, 97/1, 199 रकबा कमशः 0.0890, 8.2240, 4.7430 कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 13.0560 हे० कृषि भूमि स्थित है। जिसका भू-अधिकार ऋण पुस्तिका गुम होने, जीर्ण/शीर्ण होने का उल्लेख करते हुए डूप्लीकेट ऋण पुरितका प्रदान करने बाबत आवेदन पत्र मय चालान, एफ.आई.आर., खाते की नकल, बी-1 अदेय प्रमाण पत्र संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या विशेष को कोई दावा आपत्ति हो तो अपने व अधिवक्ता के मार्फत दावा आपत्ति दिनांक 25.07.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 17/07/2025
पेशी दिनांक 25/07/2025

**नायब तहसीलदार**
गंडई

**SBI भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र 2, सेक्टर - 1, भिलाई (छ.ग.)**

भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र 2, भिलाई के अंतर्गत आने वाली एस.एम.ई. राजनांदगांव शाखा के लिए पट्टे किराया आधार पर 3000-3200 वर्गफीट व्यवसायिक परिसर (प्रमुखता भूतल, भवन में पार्किंग एवं दिव्यांगजन/वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा हेतु रैम्प/लिफ्ट का प्रावधान होना चाहिए) हेतु मालिकाना हक/पॉवर ऑफ एटार्नी धारकों से उसी परिक्षेत्र के अंतर्गत निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। अन्य विवरण तथा निविदा कागजात (तकनीकी बोली एवं निविदा बोली) डाऊनलोड करने हेतु कृपया बैंक की वेबसाइट www.sbi.co.in पर लिंक Procurement News के अंतर्गत दिनांक 23.07.2025 से दिनांक 07.08.2025 के बीच लाग-ईन करें। इच्छुक व्यक्ति अपनी निविदा बैंक में दिनांक 07.08.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में पूर्ण जानकारी सहित निम्न पते पर प्रस्तुत करें :- भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र-2 सेक्टर-1 भिलाई (छ.ग.) इच्छुक व्यक्ति दिनांक 23.07.2025 से दिनांक 07.08.2025 के बीच इस कार्यालय में संपर्क करें। निविदाये प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07.08.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक होगी।

क्षेत्रीय प्रबंधक



## सार समाचार

### नाकेबंदी परिवारवाद बचाने की बौखलाहट : सुमीत



**राजनांदगांव।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी पर कांग्रेस द्वारा किए गए नाटकीय प्रदर्शन और नाकेबंदी ने यह पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस पार्टी अब जनसेवा की नहीं, केवल व्यक्ति विशेष की पार्टी बनकर रह गई है। भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया ने पलटवार करते कहा कि कानून यदि अपना काम करता है तो कांग्रेस को परेशानी क्यों होती है? क्या कांग्रेस पार्टी यह मान चुकी है कि उसके नेताओं और उनके परिजनों पर कानून लागू नहीं होता? नाकेबंदी कर सड़कें रोकना, जनता को परेशान करना और लोकतांत्रिक मर्यादाओं को रौंदना, यही कांग्रेस की पहचान बन गई है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह प्रदर्शन परिवार बचाओ अभियान से ज्यादा कुछ नहीं है, जब जनता महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के मुद्दों पर कांग्रेस से जवाब मांगती थी, तब वह मौन थी। आज जब एक व्यक्ति विशेष पर कार्रवाई हुई तो पूरी पार्टी सड़क पर उतर आई, यह दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं लोकतंत्र के लिए भी खतरे की घंटी है।

### ईडी की कार्रवाई द्वेषपूर्ण : महेंद्र



**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने केंद्र सरकार पर विपक्ष की आवाज को दबाने और लोकतंत्र को कमजोर करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन करते केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई और उनके पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को उन्होंने अलोकतांत्रिक और राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित बताया। श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस षड्यंत्र के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी और भाजपा के हर दमनकारी प्रयास का कड़ा विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि हम न डरेंगे, न झुकेंगे, न रुकेंगे। उन्होंने कहा कि ईडी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को, इसे राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित स्तरहीनता का नया नमूना बताया।

### अरविंद जिलाध्यक्ष निर्वाचित

**राजनांदगांव।** अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी के अरविंद गोटे दोबारा जिलाध्यक्ष बने। 19 जुलाई को मोहला के गोंडवाना भवन में प्रदेश पदाधिकारियों एवं समाज प्रमुखों की उपस्थिति में निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमें अरविंद गोटे निर्विरोध जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसी तरह निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान शिव कलामे निर्विरोध महासचिव बनाए गए हैं। गोंडवाना भवन मोहला में आयोजित निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सेवानिवृत्त डीआईजी डीआर आचला, गोंडवाना समाज के संभागीय सचिव पूर्णानंद नेताम, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, प्रदेश उपाध्यक्ष लवण सिंह कंवर, प्रदेश प्रतिनिधि चंद्रेश ठाकुर समेत लेखराम मात्रा, एमआर नायक, संत कुमार नेताम, डॉ. सोनउराम कोवाची, टीआर पिस्दा, भारत कोवाची, पीएल उइके, रोम सिंह मंडलोई, प्रहलाद ठाकुर, अंगद सलामे, मनहरण लाल कुंजाम, ज्ञानसिंह घावड़े, मन्ने सिंह मंडावी, सुजान सिंह नेताम, चेतन भण्डारी, किशोर अनेन्द्र, प्रकाश नेताम, तोमन आचले, बोहरन सलामे, पवन ठाकुर एवं अन्य समाज प्रमुखगण उपस्थित थे। बैठक में शेष पदाधिकारियों का मनोनय आगामी बैठक में करने का निर्णय लिया गया है।



### सेमीनार में शामिल हुए प्रतिनिधि

**डोंगरगढ़।** बीआईटी भिलाई में एक दिवसीय आफिशियल एवं टेक्निकल गतका सेमीनार का आयोजन द गतका एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ ने किया। इस समीनार में जिला गतका संघ के राणा अजय सिंह के मार्गदर्शन में बाबूराव जनबंधु, तरुण वरकड़े, सोमू प्रसन्न, आशीष कुमार, निशार अब्बास, प्रदीप सेन, अनुज दमानी, कुंभलाल वर्मा, राणा वसुंधरा, निधि वर्मा, बलराम वर्मा, वेदांश मोहने ने भाग लिया। श्री राणा ने बताया कि यह एक सिख पारंपरिक मार्शल आर्ट है जो भारत सरकार से खेल के रूप में मान्यता प्राप्त है। उन्होंने बताया कि जल्द ही राजनंदगांव एवं डोंगरगढ़ में प्रशिक्षण केंद्र खोला जाएगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमरजीत सिंह छाबड़ा ने सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किया।



### निधन



**देवबती वर्मा**

**सड़क अतरिया।** ग्राम संडी निवासी नारायण वर्मा की माता देवबत्ती वर्मा का मंगलवार शाम को निधन हो गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई। इसकी अंतिम यात्रा कल बुधवार को सुबह 9 बजे निज निवास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### पृष्ठ 9 का शेष

#### अंबागढ़ चौकी में...

साझा करते बताया कि जंगली हाथी जिले में फिर एक बार प्रवेश किया है। आज सुबह लगभग 4 से 5 बजे के मध्य एक जंगली हाथी उत्तर मानपुर वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक पी-929 में पहुंचा है। उन्होंने बताया कि वन अमला द्वारा जंगली हाथी के गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही आसपास के गांवों में वन अमला द्वारा मुनियादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। वन अमला ग्रामीणों को अकेले जंगल में ना जाने, हाथी से पर्याप्त दूरी बनाए रखने तथा हाथी को पत्थर मारकर व पटाखा फोड़कर परेशान नहीं करने की समझाइश व हिदायत दे रहे हैं।

#### एनएच में कांग्रेस...

**विधानसभा में लाए थे स्थगन-** कांग्रेस विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि तमनार के जंगल काटे जा रहे हैं। सीमेंट, आयरनओर अडानी समूह को दिया जा रहा है। आदिवासी क्षेत्र में पेशा कानून के तहत एनओसी दिया जाता है, लेकिन कलेक्टर फर्जी एनओसी बनाकर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम इस मुद्दे को लेकर विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव लाए थे, जिस पर चर्चा न हो, इस वजह से ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास में सुबह 6 बजे दबिश दी और उनके पुत्र को उसके जन्मदिवस पर ही गिरफ्तार कर लिया।

**सैकड़ों कांग्रेसी हुए शामिल-** चक्काजाम के लिए जिलेभर से सैकड़ों कांग्रेसी पहुंचे। इस प्रदर्शन के दौरान डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गिरीश देवांगन, भागवत साहू, कुलबीर छाबड़ा, नवाज खान, कमलजीत पिंटू, शाहिद खान, सुदेश देशमुख, इकरामुद्दीन सोलंकी, जितेंद्र मुदलियार, मेहुल मारू, हेमा देशमुख, डॉ. रुबीना अल्वी, विभा साहू, महेंद्र यादव, भुवनेश्वर बघेल, संतोष पिल्ले, पदम कोठारी, अमित चंद्रवंशी, आफताब आलम, रईस अहमद शकील सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए।

## स्पंज आयरन से भरे ट्रक में 215 किलो गांजा जब्त

# ट्रक के डाला में ले जा रहे थे साढ़े 21 लाख का गांजा, दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्पंज आयरन भरे ट्रक के डाला में साढ़े 21 लाख रुपए की गांजा को भरकर उड़ीसा से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था। पुलिस ने नाकाबंदी कर ट्रक को पकड़ा। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पुलिस को 21 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ट्रक में अवैध रूप से गांजा जैसा मादक पदार्थ छिपाकर उड़ीसा से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है।

### नाकाबंदी कर पकड़ा

इस सूचना पर सायबर सेल एवं सोमनी पुलिस ने थाना के सामने नाकाबंदी की एवं मुखबीर के बताए अनुसार ट्रक को घेराबंदी कर रोका। ट्रक की तलाश लेने पर वाहन में स्पंज आयरन भरा हुआ था। जिसके पीछे डाला में 8 प्लास्टिक की बोरियों में पीवीसी टेप से लिपटा बंडल भरा गांजा मिला, जिसे तौल कराने पर 215 किलो गांजा पाया गया। जिसकी कीमत लगभग 21,50,000 रुपए आंकी गई है। उक्ताशय की जानकारी देते पत्रकारवार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने बताया कि इस मामले में आरोपी चालक एवं परिचालक भरत कुमार सिंह 32 वर्ष निवासी ताजपुर थाना माझी जिला छपरा बिहार एवं पूरनलाल लडिया उर्फ राजू 28 वर्ष निवासी ग्राम कुबोडा रिचई थाजा सुआताला जिला नरसिंगपुर मप्र हाल झांकडपारा धनकौडा थाना धानुपाली जिला संबंलपुर उड़ीसा से पूछताछ किया गया।



### प्रति बोरी पांच हजार ले जाने का लालच

जिस पर आरोपियों ने बताया कि 20 जुलाई को कच्चा लोहा स्पंज आयरन को कौशल फेरो मेटल प्रा.लि. से भरकर शाम करीबन साढ़े 5 बजे वहां से जलना महाराष्ट्र के लिए निकले। रात्रि करीबन 8 बजे संबलपुर ढाबा में खाना खाने के बाद वे दोनों गाड़ी के पास आए तो एक व्यक्ति उनसे बोले कि पार्सल ले जाओगे, एक बोरे का पांच हजार देंगे, तब वे दोनों पार्सल ले जाने के लिए राजी हो गए। सोहला के 1 किमी पहले करीबन 12 बजे रात्रि में तीन व्यक्ति टेम्पू से 8 बोरियों में माल लेकर आए। चालक-परिचालक दोनों पैसे के लालच में आकर गांजा पार्सल को महाराष्ट्र ले जाने के लिए तैयार हो गए।

### गांजा व ट्रक जब्त, आरोपियों पर कार्रवाई

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने बताया कि इस मामले में धारा 20 ख एनडीपीएस एक्ट का घटित करना पाए जाने से अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों से 215 किलो गांजा एवं घटना में प्रयुक्त ट्रक को जब्त किया गया है। आरोपी भरत कुमार सिंह एवं पूरन लाल लडिया उर्फ राजू को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश सरगमी से की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सोमनी उपनिरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक डुलेश्वर साहू, आरक्षक कालीचरण देशमुख, लीला साहू, बेनु नेताम एवं सायबर सेल से उपनिरीक्षक कैलाश मरई, प्रधान आरक्षक बसंत राव, आरक्षक परवेश वर्मा, हरिश ठाकुर की सराहनीय भूमिका रही।

## खाद-बीज का वितरण जारी

**घुमका।** सेवा सहकारी समिति मुरमुंदा में खाद बीज वितरण के साथ फ़सल बीमा किया जा रहा है। समिति प्रबंधक आदित्य तिवारी ने बताया कि बीज वितरण हो चुका है। खाद वितरण निरंतर जारी है। यूरिया की चौथी खेप आज पहुंची है। डीएपी का स्टॉक समाप्ति की ओर है। वहीं राखड़ खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि किसानों को यूरिया एक-दो दिनों में उपलब्ध करा दिया जाएगा। किसानों को नगद एवं खाद बीज सहित लगभग 3 करोड रुपए का ऋण दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रति एकड़ 480 असिंचित कृषि भूमि के लिए प्रति एकड़ 300 की दर से बीमा किया जा रहा है।

## संजू का प्रयास विद्यालय में चयन



**साल्हेवारा।** ग्राम के झोड़ीपारा निवासी संजू सोरी पिता प्रह्लाद सोरी का प्रयास विद्यालय में चयन हुआ है। संजू शुरू से लगनशील विद्यार्थी रहा। संजू सोरी के पिता ड्राइवर है।संजू ने बताया कि उसके पिता ने बहुत सपोर्ट किया और और पढ़ाई के संबंध में रामश्याम पटेल ने काफी मदद किया। उसकी सफलता से परिजन काफी खुश हैं।

## कांग्रेसी राजनीतिक मुद्दा बनाकर कर रही जनता को गुमराह : कोमल



**राजनांदगांव।** कांग्रेसियों द्वारा भूपेश बघेल के पुत्र के समर्थन में प्रदेशभर में किए गए कांग्रेस के आंदोलन को ढकोसला बताते जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने पलटवार करते कहा कि कॉल ब्लॉक आबंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दाफाश हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चोरी और सीना जोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है।

श्री राजपूत ने कहा कि भूपेश ने 23 जून 2011 को केंद्र में कांग्रेस की सरकार रहते तारा परसा ईस्ट कॉल ब्लॉक को खोलने का प्रस्ताव दिया गया था, जब छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी, तब अदानी को दो बड़ी खदानें गारे पेलमा सेक्टर 2 और राजस्थान में केते एक्सटेंशन ब्लॉक का ऑपरेटर बनाया गया। श्री राजपूत ने कहा कि सभी जानते हैं कि 5 वर्ष में छत्तीसगढ़ को 10 जनपद का चारागाह बना दिया था। भूपेश सरकार के कार्यकाल में शराब घोटाले, कोयला घोटाला, चावल घोटाला, गौठान घोटाला से लेकर पीएससी घोटाले तक में प्रदेश के संसाधनों को जमकर लूटा गया। आज जब इस घोटाले के आरोपी को एक-एक कर प्रदेश सरकार पकड़ रही है और सबूत की प्रमाणिकता के साथ सभी जेल जा रहे हैं, सभी आरोपी के विरुद्ध कानून सम्मत कार्रवाई की जा रही है, परंतु दुर्भाग्य का विषय है कि कांग्रेसी इसे राजनीतिक मुद्दा बनाकर जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रहे हैं।

## योजनाओं का लाभ देने कर्मचारी प्रयत्नशील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अपनी स्थापना काल से ही प्रदेशभर में संचालित श्रम कल्याण केंद्रों के माध्यम से मजदूरों को मंडल द्वारा संचालित 14 योजनाओं का लाभ देता चला आ रहा है। वहीं सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण के माध्यम से सैकड़ों मजदूर परिवार की महिलाओं को आर्थिक आजादी प्रदान कर चुका है।



श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा ने गत दिनों रायपुर व राजनांदगांव जिले में कार्यरत श्रम कल्याण केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने श्रम केंद्रों की समस्याओं से अवगत होते कमियों को एक माह के भीतर पूरा करने निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त बैच को प्रमाण पत्र वितरित करते कहा कि श्रम कल्याण मंडल कारखाना, उद्योग, फैक्ट्रियों व 10 या 10 से अधिक नियोजित होने वाले कर्मचारियों के संस्थान में कार्यरत श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा के लिए व्यापक कार्य कर रहा है। मंडल अध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि मजदूर परिवार के आर्थिक विकास हो, उन्हें सामाजिक सुरक्षा की तमाम योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए मंडल व उसके कर्मचारी प्रयत्नशील हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय देश व प्रदेश को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में कारगर कार्य कर रहे हैं। श्री मिश्रा ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में पूरा देश आगे बढ़ रहा है। श्री मिश्रा ने रायपुर जिले के उरला, सांकरा, सोनडोंगरी औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रम कल्याण केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके बाद वे राजनांदगांव जिले के तुमड़ीबोड, टेडेसरा औद्योगिक क्षेत्र गए, जहां श्रम कल्याण केंद्रों का निरीक्षण उपरांत प्रमाण पत्रों का वितरण किया। इस दौरान विवेक दुबे, दुष्यंत साहू, गोपाल साहू, नरेंद्र सिन्हा उपस्थित थे।

## टॉप-10 में स्थान पाने और करें ज्यादा मेहनत : रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह के सोमवार राजनांदगांव प्रवास के दौरान महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में संस्कारधानी राजनांदगांव देशभर में टॉप-20 में आने तथा प्रदेश में 6वें स्थान प्राप्त करने पर उनसे सौजन्य मुलाकात कर शुभकामनाए दी।

महापौर यादव ने कहा कि गत स्वच्छता सर्वेक्षण में राजनांदगांव शहर भारत में 79वे स्थान पर था, परन्तु इस वर्ष 2024-25 के स्वच्छता सर्वेक्षण में 65 छलांग लगाकर 14वां स्थान प्राप्त किया। उक्त स्थान आपके सहयोग एवं मार्गदर्शन से प्राप्त हुआ है। उन्होंने शहर विकास के लिए 63 करोड़ की राशि राज्य बजट में स्वीकृत कराने पर भी डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपके मार्गदर्शन में भविष्य में शहर की तस्वीर बदलकर एक अलग छवि दिखेगी।



विधायक डॉ. सिंह ने बधाई देते कहा कि नगर निगम की टीम की मेहनत रंग लाई और भारत में टॉप-20 में स्थान मिला। उन्होंने कहा कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप-10 में स्थान बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त करें। इसके लिए और मेहनत करें, नागरिकों को भी स्वच्छता से जोड़े। उन्होंने कहा कि शहर विकास एवं स्वच्छ वातावरण देने में नगर निगम की महती भूमिका होती है, इसे ध्यान में रखकर महापौर मधुसूदन यादव के नेतृत्व में टीम वर्क के साथ कार्य करें।

इस अवसर पर कृषि उपज मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत सहित शैकी बग्गा, राजेश मिश्रा, दीपक श्रीवास्तव, देवेश साहू उपस्थित थे।

## मोहड़ रेत मामले को लेकर कांग्रेस का घेराव 24 को

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी शहर के मोहड़ वार्ड नं. 49 में रेत माफियाओं द्वारा निर्दोष ग्रामीणों पर लाठी-डंडा व बंदूक की नोक पर वारदात करते गोलीकांड जैसे आपराधिक घटना हुए लगभग एक से डेढ़ माह बीत चुकी है, किन्तु अब तक मुख्य आरोपी संजय सिंह की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जिसको लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में 24 जुलाई को बसंतपुर थाना का घेराव किया जा रहा है।

शहर अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम देते कहा कि जब तक मुख्य सरगना की गिरफ्तारी नहीं होगी, प्रदर्शन जारी रहेगा। कांग्रेस सदैव जनहित की लड़ाई लड़ी है। इस घटना के बाद से आज दिनांक तक कांग्रेस लगातार रेत माफियाओं पर कार्रवाई की मांग कर रहा है। जबकि इसको लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा पुलिस प्रशासन को 8 दिन में अपराधियों पर कार्रवाई करने का अल्टीमेटम दिया था, नहीं तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी थी। उसके बावजूद भी कार्रवाई शून्य है।

श्री छाबड़ा ने कहा कि मुख्य सरगना संजय सिंह अभी भी फरार है। रेत माफियाओं का लिंक सीधा भाजपा नेताओं जुड़ा, इस कारण इसे बचाने में लगी है।

## म्यूल अकाउंट खाता धारक पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** म्यूल अकाउंट मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने एक खाताधारक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस मुख्यालय रायपुर का ईमेल आईडी से प्राप्त ईमेल के अवलोकन पर पाया कि एक्सिस बैंक के खाता धारकों द्वारा छलपूर्वक एवं सायबर अपराध से प्राप्त धोखाधड़ी से प्राप्त कुल धनराशि 7,77,599.00 रुपए को छुपाने एवं उपयोग किया गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में खाता धारकों के विरूद्ध अपराध धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) भारतीय न्याय संहिता कायम कर विवेचना में लिया गया।



### गिरोह की पतासाजी

गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के दौरान पाए गए तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर छत्तीसगढ़ के अलावा विभिन्न राज्यों में सक्रिय म्यूल अकाउंट प्रोव्हाईड करने वाले गिरोह की पतासाजी की जा रही है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, उप निरीक्षक नरेश सार्वा, आरक्षक एवं अन्य स्टाफ की अहम भूमिका रही।

### एक और आरोपी पकड़ाया

प्रकरण के विवेचना के दौरान पूर्व में गिरफ्तार आरोपी तौहिद खान 25 साल, लोकेन्द्र बंजारे 30 साल, दिगंत अवस्थी उर्फ लाला 37 साल, शुभम सिंह राजपूत 27 साल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार प्रकरण के विवेचना के दौरान जानकारी प्राप्त हुआ कि आरोपी नीलम कुमार निवासी लखोली बैगापारा राजनांदगांव हाल मुकाम बुधवारीपारा डोंगरगढ़ के खाता में उक्त ठगी रकम 1 लाख रुपए उसके खाता में ट्रांसफर हुआ था। सूचना पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, जो जुर्म करना स्वीकार किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया एवं माननीय न्यायालय से आरोपी को जेल वारंट प्राप्त होने पश्चात जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

## संसार की असारता यदि समझ में आ जाए तो मन में वैराग्य आ जाएगा: वीरभद्र

**राजनांदगांव।** प्रख्यात जैन संत एवं मुनि विनय कुशल के सुशिष्य मुनि वीरभद्र ने कहा कि संसार की असारता यदि समझ में आ जाए तो मन में वैराग्य आ जाएगा। आपका वस्तुओं के प्रति मोह नहीं रह जाएगा। एक न एक दिन सबको मरना है ही, किन्तु मृत्यु शरीर की होती है आत्मा की नहीं। कोई भी आत्मा को नुकसान नहीं पहुंचा सकता। अंदर समता व समाधि आ जाए तो जीव अपना स्थान बदल देता है।



जैन बगीचे के नए हाल में आज अपने नियमित प्रवचन में मुनि वीरभद्र ने कहा कि रूप-रूप में भी फर्क होता है। एक रूप विकार में डालता है तो एक रूप उपकार की ओर ले जाता है। यदि किसी ने भी थोड़ा सा भी एहसान आप पर किया हो तो वह आपको याद रहना चाहिए। मन में कृतज्ञता का भाव रहना चाहिए। हर व्यक्ति कहीं न कहीं हमारा उपकार करता ही है, इसलिए सबके प्रति कृतज्ञता का भाव रखें। अपने ऊपर किए गए उपकार को जीवन में कभी नहीं भूलना चाहिए। अपने भीतर जब विनय का गुण आएगा, तभी हमारे भीतर धर्म प्रवेश कर सकता है। मुनिश्री ने कहा कि 12 प्रकार के तपों में से एक है विनय। प्रायश्चित के बाद का स्थान विनय को दिया गया है। यहां तक कि स्वाध्याय को भी इसके बाद रखा गया है, इसलिए विनय होना जरूरी है। विनयवान व्यक्ति ही धर्म पथ में आगे बढ़ता है। विनय के लिए संस्कार का होना जरूरी है। पुण्योदय और पापोदय दोनों साथ-साथ चलते हैं। जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, इससे न घबराएं, बल्कि इससे संघर्ष करते विनय के मार्ग में आगे बढ़ते रहें और अपने लक्ष्य मोक्ष की ओर बढ़ जाएं।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण



**डोंगरगांव।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाते हुए दिगंबर जैन समाज के सामाजिक जनों ने 19 जुलाई को चातुर्मास कलश स्थापना के मौके पर जैन मंदिर के पीछे पौधरोपण किया। इस मौके पर लोगों ने छाया और शोभाकारी पौधे लगाकर संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान सतीश जैन, दिनेश नखत, नगर अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, पार्षद प्रियंक जैन, प्रफुल्ल जैन राजा, अरुण जैन, रितेश, दीपा, राजकुमार, स्वतंत्र, राहुल, अनुज जैन, सीए हिना, पुष्पलता सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### छात्र-छात्राओं को सौंपी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी



**कवर्धा।** विनायक पब्लिक स्कूल कवर्धा में नई सोंच, नई उड़ान न्यू थिंक, न्यू फ्लाइट कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को बच्चों के अंदर शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास के साथ स्किल डेवलपमेंट एवं सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के प्रथम पाली में पांचवें एपिसोड के माध्यम से सर्वप्रथम बच्चों को प्रार्थना असेंबली पश्चात पिटी एवं योग क्रिया के उपरांत बच्चों को गुड टच एवं बेड टच के विषय में एक्सपर्ट टीचरों के द्वारा प्रेक्टिकल कर महत्वपूर्ण जानकारीयां साझा किया गया। द्वितीय सत्र में स्कूल के होनहार छात्र-छात्राओं के बीच कक्षावार मतदान प्रक्रिया पूर्ण कर क्लास कैप्टन एवं वाइस कैप्टन तथा डिसिप्लिन इंचार्ज के रूप में सर्वसम्मति से बच्चों के अंदर नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ करने व पद का निर्वहन करने के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। तथा पूरे स्कूल के लिए एक हेड बॉय एवं एक हेड गर्ल्स का चुनाव भी सर्वसम्मति से किया गया। चुनाव पश्चात शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के निदेशक डॉ. नारायण साहू व मैनेजमेंट विभाग रविंद्र शर्मा एवं स्कूल के प्राचार्या श्रीमती तृप्ति कश्यप के द्वारा उनके उत्तरदायित्व के प्रति पूर्ण बोध कराते हुए मार्गदर्शन उपरांत सभी बच्चों के लिए एक शानदार शपथ ग्रहण समारोह,का कार्यक्रम आयोजित कर, सभी नवनिर्वाचित छात्र व कार्यकर्ताओं को विद्यालय के प्रति सत्य निष्ठा, समर्पण व सेवा भावना से कार्य करने की शपथ दिलायी गई। शपथ के उपरांत छात्र नेताओं को उनके पद व उत्तरदायित्व के लिये स्कूल प्रबंधन के द्वारा सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बैजेस व सैशेस पहनाकर सम्मानित किया गया।

### मॉडल उत्तर जारी,दावा आपत्ति आज तक

**कवर्धा।** बिलासपुर के पंडित सुन्दरलाल शर्मा ओपन विवि ने प्री-डीएलएड व बीएड प्रवेश परीक्षा रविवार को ली थी । इसका मॉडल उत्तर सोमवार को जारी कर दिया गया है, जिसका दावा आपत्ति दिनांक 23 जुलाई तक स्वीकार की जाएगी।

### 24 ग्रामों में कलेक्टर ने राजस्व समाधान शिविर तैयारियों की गहन समीक्षा की

# आज से 29 अगस्त तक लगेंगे विशेष राजस्व शिविर, राजस्व समाधान रथ करेगा त्वरित निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य शासन द्वारा कबीरधाम जिले के दूरस्थ वनांचल ग्रामों में राजस्व व्यवस्था को सुलभ, पारदर्शी और त्वरित बनाने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। इसी क्रम में जिले में आज से 29 अगस्त 2025 तक विशेष राजस्व समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को उनके ही गांव में राजस्व से संबंधित सेवाएं सुलभ कराई जाएंगी।

कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में 24 राजस्व निरीक्षक सर्किलों के अंतर्गत इन शिविरों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। कलेक्टर श्री वर्मा ने समय सीमा की बैठक में राजस्व समाधान शिविर की तैयारियों की गहन समीक्षा कर अधिकरियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ मोनिका, विनय पोयाम, पैकरा, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने शिविरों की पूर्व तैयारी की समीक्षा करते हुए कोटवारों के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं आश्रित ग्रामों में मुनादी कराने के निर्देश दिए हैं ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण, किसान और युवा इन शिविरों का लाभ ले सकें। राजस्व समाधान शिविरों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बैंक खाता खोलने जैसी जनकल्याणकारी सेवाओं के साथ-साथ आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र तथा किसानों का एग्री स्टैक पंजीयन भी किया जाएगा। इन शिविरों में राजस्व विभाग के अनुभवी अधिकारी और कर्मचारी स्थल पर उपस्थित रहेंगे और राजस्व न्यायालय संबंधी, भू-अभिलेख तथा नामांतरण जैसे मामलों का त्वरित निराकरण करेंगे। राजस्व सेवा को और अधिक प्रभावी एवं मोबाइल बनाने के लिए जिले में राजस्व समस्या निदान रथ भी संचालित किया जाएगा। यह तकनीकी संसाधनों से सुसज्जित रथ कम्प्यूटर, प्रिंटर, फोटोकॉपी मशीन, दो ऑपरेटर और एक सहयोगी कर्मचारी के साथ गांव-गांव पहुंचेगा।

यह रथ लोक सेवा केन्द्र से लिंक रहेगा, जिससे लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत आने वाली सेवाओं का शीघ्र निपटान सुनिश्चित हो सकेगा। साथ ही भूमि, नक्शा, खसरा, गिरदावरी और नामांतरण से संबंधित कार्य भी गांव में ही निपटाए जाएंगे। कलेक्टर ने राजस्व रथ की नियमित मॉनीटरिंग करने और आपसी समन्वय के साथ शिविरों के प्रभावी संचालन हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों और राजस्व निरीक्षकों को निर्देशित किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल दस्तावेजी समाधान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शासन की जनसेवा भावना को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। ग्रामीणों को अब तहसील कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि सेवा उनके द्वार पर पहुंचेगी।

### राजस्व समाधान शिविरों का आयोजन निम्नानुसार किया जाएगा



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि राजस्व समाधान शिविरों की शुरुआत 23 जुलाई को बोड़ला से होगी। इसके बाद 25 जुलाई को पोड़ी, 28 को राजानवांगांव, 29 को चिल्फी, 30 को तरेगांव जंगल, 31 को सहसपुर लोहारा, 1 अगस्त को सिल्हाटी, 4 को बिरेन्द्रनगर, 5 को ठाठापुर, 6 को बाजार चारभांठा, 7 को समनापुर, 8 को पिपरिया, 11 को नेवारी, 12 को मरका, 13 को दशरंगपुर, 18 को छिरहा, 19 को कुण्डा, 20 को दामापुर, 21 को मोहगांव, 22 को कुकदूर, 25 को कोदवागोड़ान, 27 को पंडरिया, 28 को बाद्यामुड़ा और 29 अगस्त को रमतला में शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में आसपास के अन्य ग्रामों को भी सम्मिलित किया जाएगा ताकि व्यापक स्तर पर लोगों को लाभ पहुंच सके।

## आर्थिक नाकाबंदी कर किया चक्का जाम कांग्रेस कमेटी कुंडा: उत्तरा दिवाकर




हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के आदेश अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस की आर्थिक नाकाबंदी चक्का जाम 12:00 बजे से 2:00 बजे तक चक्का जाम किया गया वही दिवाकर ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा केंद्र और राज्य भाजपा सरकार के दबाव में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके परिवार के ऊपर की जा रही है देवस पूरा पूर्ण कार्यवाही के विरोध में नाकाबंदी एवं चक्का जाम किया गया। वही भाजपा केंद्र में सरकार बना है तब से लेकर विपक्ष के आवाज को दबाने की कोशिश किया जा रहा है जब जब कांग्रेस आवाज उठाता है तो भाजपा विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी का सहारा लेता है इसी कड़ी में पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत कांग्रेस कमेटी कुंडा ब्लॉक के अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर के नेतृत्व में आर्थिक नाकाबंदी एवं चक्का जाम किया गया। बसनी कांग्रेस के आर्थिक नाकाबंदी चक्का जाम किया जिसमें सड़कों पर चक्का जाम के दौरान मोटर साइकिल से लेकर चार पहिया गाड़ी इंतजार करते रहे आने-जाने में यात्रियों एवं वाहनों को परेशानियों का सामना करना पड़ा 2:00 बजे के बाद चक्का जाम समाप्त हुआ तब राहत मिला आना जाना गाड़ी शुरू हुआ। जिसमें उपस्थित कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर, उत्तर चंद्राकर, भरत साहू शिव सिंह चौहान, दिनेश पाण्डेय, रामअवतार सिंगरौल, सनत चंद्राकर, विनोद रजक यासीन खान, मुन्ना खान, मोजी राम कश्यप, बलदाऊ साहू, राजेश चंद्रवंशी, बद्री खांडे, सनत चंद्राकर, लखन सिंगरौल, अंशु साहू, प्रशांत खांडे, शोभा खांडे, शुभम साहू, ऋषि साधे राम, अनंत, हेमू साहू, लखन साहू, जगन्नाथ खांडे सहित कांग्रेस कमेटी कुंडा ब्लॉक के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का सैलाब

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर नि:शुल्क भोजन, ठहरने और चिकित्सा की व्यवस्था।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



पवित्र सावन माह में मध्यप्रदेश के अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर कबीरधाम जिले के जलेश्वर दादा डोंगरिया, बाबा भोरमदेव और पंचमुखी बूढ़ा महादेव में जलाभिषेक के लिए पदयात्रा पर निकले हजारों कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में सैलाब लगा हुआ है। उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा की विशेष पहल पर मृत्युंजय आश्रम में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क ठहरने, गर्म भोजन, स्वल्पाहार और चिकित्सा सुविधा की व्यापक व्यवस्था की गई है। आश्रम में भंडारा, प्रसादी और नाश्ते की व्यवस्था निरंतर जारी है, जिससे दूर-दराज से आने वाले पदयात्री बिना किसी परेशानी के अपनी यात्रा पूरी कर सकें। जिला बोल बम समन्वय समिति के सदस्यों ने बताया कि 22 जुलाई को ही 2 हजार से अधिक कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने मृत्युंजय आश्रम में निःशुल्क भोजन और प्रसादी का ग्रहण किया। कांवड़ियों के प्रस्थान के दौरान उन्हें सेव, बूंदी, बिस्किट जैसे हल्के नाश्ते का भी वितरण किया जा रहा है, ताकि बीहड़ जंगलों से गुजरते समय उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। सुबह के समय सभी कांवड़ियों और श्रद्धालुओं को पोहा, चाय और बिस्किट का नाश्ता भी उपलब्ध कराया जा रहा है। अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर निकले कांवड़ियों का यह धार्मिक सफर केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण की मिसाल भी बन गया है। मृत्युंजय आश्रम में पदयात्रियों को विश्राम, भोजन, प्रसादी और स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। आश्रम परिसर में दिन-रात गूंजते भक्ति गीत, बोल बम के जयघोष और डमरू की थाप पूरे वातावरण को शिवमय बना रहे हैं। कांवड़ियों के समूह भगवा वस्त्र, कंधों पर सज्जित कांवड़ और भक्ति भाव से ओत-प्रोत होकर सावन माह की इस पवित्र पदयात्रा को अद्वितीय बना रहे हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा जलेश्वर दादा डोंगरिया, बाबा भोरमदेव और पंचमुखी बूढ़ा महादेव जैसे प्रमुख शिवधामों तक पहुंचने वाले इन श्रद्धालुओं के लिए रास्ते में भी ग्राम पंचायतों द्वारा पेयजल, विश्राम, प्राथमिक उपचार और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई है।

## अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की दो बड़ी कार्यवाही, कच्ची शराब व मध्यप्रदेश निर्मित मदिरा जब्त



हरिभूमि कवर्धा।कबीरधाम छत्तीसगढ़ जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग कबीरधाम द्वारा मंगलवार को दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में कच्ची महुआ शराब, निर्माण सामग्री एवं मध्यप्रदेश निर्मित देशी मदिरा जब्त की गई है। दोनों मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। वही आबकारी वृत्त पंडरिया के पंडरिया थाना अंतर्गत ग्राम झींगराडोंगरी क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि झींगराडोंगरी से कांपदाह मार्ग पर डबरी के किनारे कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने मौके से 40 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 180 किलोग्राम शराब निर्माण योग्य लाहन जब्त किया। आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है। इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। जब्त मदिरा की कुल बाजार कीमत लगभग 13 हजार रूपएं आंकी गई है। इसी दिन आबकारी वृत्त पंडरिया की टीम ने कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम अमीदा में भी अवैध शराब विक्रय की सूचना पर कार्रवाई की। मानसिंह बैगा पिता दशरु बैगा के निवास पर छद्म क्रेता के माध्यम से मदिरा क्रय कर टीम द्वारा दबिश दी गई। तलाशी के दौरान 24 नग पाव मध्यप्रदेश निर्मित प्रिंस लेमन देशी मदिरा प्लेन कुल 4.32 बल्क लीटर नॉन ड्यूटी पेड शराब जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)ख, 36 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 24 सौ रूपएं है। यह समस्त कार्रवाई आबकारी वृत्त पंडरिया प्रभारी अभिनव आनंद बख्शी के नेतृत्व में की गई। कार्यवाही में वृत्त कवर्धा प्रभारी श्रीमती गीता साहू, लोहारा प्रभारी रामानंद दीवान, आबकारी मुख्य आरक्षक जगदीश सिंह उईके, विद्या सिंह परमार, आबकारी आरक्षक इम्तियाज खान, अमर पिल्लै, कमला मेश्राम, वाहन चालक डायमंड साहू एवं दिलीप का विशेष योगदान रहा। आबकारी अधिकारी अजय सिंह ने यह स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के विरुद्ध सख्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## 25 जुलाई को कबीरधाम में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत होगा जिलेभर में एक साथ पौधरोपण

**हरिभूमि कवर्धा ।** केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी पर्यावरणीय पहल एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत 25 जुलाई 2025 को दोपहर 12.30 बजे कबीरधाम जिले में एक साथ पौधरोपण किया जाएगा। इस विशेष अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने और अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में न्यूनतम एक-एक हजार पौधों का रोपण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिले के सभी स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों, छात्रावासों, आश्रमों और आंगनबाड़ी केंद्रों के आसपास उपलब्ध खाली भूखंडों में भी पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में हर वर्ग की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक चेतना का विस्तार भी हो। पौधों की सुरक्षा की पूरी व्यवस्था रखे। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना और मनरेगा के तहत निर्मित पक्की एवं कच्ची सड़कों के दोनों किनारों पर भी बड़े पैमाने पर पौधारोपण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पौधों की सुरक्षा और सुरक्षा के लिए पंचायत स्तर पर जिम्मेदारियां तय की जाएंगी और स्थानीय निगरानी समिति गठित की जाएगी। कलेक्टर ने विशेष रूप से जिले के आदिवासी एवं विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बहुल गांवों में आंवला के उन्नत किस्म के पौधों के रोपण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आंवला का पौधारोपण न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से उपयोगी है, बल्कि यह आदिवासी समाज के लिए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का माध्यम भी बन सकता है। कलेक्टर ने वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग को पौधों की आपूर्ति और रोपण स्थलों की तैयारी को लेकर समन्वित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पौधारोपण केवल प्रतीकात्मक न रह जाए, बल्कि इसके लिए छायादार और फलदार पौधों के क्लस्टर बनाकर व्यवस्थित रोपण किया जाए। सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने अधीनस्थ संस्थानों में रोपण की जिम्मेदारी निभाएं और इसकी सतत निगरानी करें।

### हाईटेक बस स्टैंड तक सड़क चौड़ीकरण, नाली निर्माण और विद्युत पोल शिफ्टिंग के कार्यों की भी समीक्षा की

बैठक के दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के साथ-साथ जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने महतारी सदन, मिनी स्टेडियम, प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों, और विभिन्न सड़क परियोजनाओं की समयबद्ध प्रगति पर जोर देते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कवर्धा शहर में ठकुर देव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक सड़क चौड़ीकरण, नाली निर्माण और विद्युत पोल शिफ्टिंग के कार्यों की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि नाली निर्माण से पूर्व विद्युत पोल शिफ्टिंग का कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए ताकि कार्य बाधित न हो। इसके साथ ही नगर पालिका क्षेत्र के पेयजल संकटग्रस्त क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए इनकी नियमित मॉनिटरिंग और शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर विनय पोयम, डॉ. मोनिक कौड़ों, नरेन्द्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जमुनिया में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का भव्य स्वागत ग्रामवासियों को मिली विकास की अनमोल सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




ग्राम पंचायत जमुनिया में एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण उपस्थित हुआ, छत्तीसगढ़ के यशस्वी उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने पूर्व जिला पंचायत क्षेत्र एवं वर्तमान विधानसभा क्षेत्र के ग्रामवासियों से सीधा संवाद एवं विकास की सौगात देने पहुँचे। ग्रामवासियों ने पारंपरिक रीतिरिवाज से स्वागत किया और बाबा गुरु घासीदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रीफल भेंट के साथ गौटिया निवास के समक्ष कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि विजय शर्मा के साथ मंच पर उपस्थित रहे संतोष पटेल भाजपा जिला महामंत्री, श्रीमती विजय अनसुइया पटेल, सभापति, जिला पंचायत वीरेन्द्र साहू, श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, वीरसिंह पटेल, चंद्रभूषण बंजारे, मिथलेश बंजारे, परेटन वर्मा, पंचराम कोसले, कार्यक्रम का सफल मंच संचालन खिलेश बंजारे ने किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों को एक सामुदायिक भवन की सौगात देते हुए इसके शीघ्र निर्माण की स्वीकृति दी। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का भरोसा देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना उनकी प्राथमिकता है। उप मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से ग्रामीणों को चेताया कि कोई भी व्यक्ति मेरे नाम या फोटो का उपयोग कर नौकरी, ठेका या किसी कार्य हेतु पैसे की मांग करता है, तो वह ठगी है। ऐसे लोगों से सावधान रहें और इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। इस ऐतिहासिक अवसर पर ग्राम पंचायत के सभी प्रमुख जन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से गौंटिया जगमोहन बंजारे, पूर्व सरपंच, भंडारी चंद्रभूषण बंजारे, जनपद सदस्य प्रतिनिधि मिथलेश बंजारे, प्रदेश संयोजक खिलेश बंजारे, उप सरपंच, सचिव, कोटवार, पंचगण, समाज प्रमुखगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### जंगलों की कटाई व ईडी की कार्रवाई के खिलाफ पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस का आंदोलन

## बिलासपुर जबलपुर राष्ट्रीय राज मार्ग में पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस ने किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया



ईडी की कार्यवाही और तमनार में जंगलों की कटाई के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश पर दोपहर 12 से 2 बजे तक आर्थिक नाकेबंदी व चक्का जाम की घोषणा की गई थी। इसी तारतम्य में पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में सुबह 11 बजे से कांग्रेस के कार्यकर्ता हरि नाला तिराहा के पास एकत्रित होना शुरू हो चुके थे। वही 12 बजे से चक्का जाम प्रारंभ किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं उपस्थित थें वही राज्य व केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी की गई एवं सड़क में टायर जलाकर हांथ में झंडा व बैनर ले कर जबरदस्त आंदोलन किया गया। पुलिस व्यवस्था अच्छी खासी दिखी एवं गाड़ियों की लंबी कतारों को व्यवस्थित किया गया। कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़क पर माइक ले कर जमकर बरसे। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक कांग्रेस ने जनता को संदेश देने की कोशिश कि जंगलों की कटाई से पर्यवारण को भारी नुकसान होने वाला है। चक्का जाम में यह देखने को मिला कि एम्बुलेंस व स्कूल बसों व स्कूली छात्र-छात्राएं को कांग्रेस के कार्यकर्ता खुद से रास्ता दे निकालते दिखे।

और ब्लॉक अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि ईडी की कार्यवाही राजनीतिक द्वेष के चलते की गई है। राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार अडानी के खिलाफ अपनी आवाज प्रखरता से उठाते आ रहे हैं जिसके चलते डबल इंजन की सरकार घबराई हुई है। नुक्कड़ सभा को युवा नेता मनीष शर्मा, रवि चंद्रवंशी, संजू तिवारी, घनश्याम साहू सभी ने मिलकर एक स्वर से सरकार व अडानी की जुगलबंदी का आरोप लगाया। ईडी , सीबीआई, आईटी, की कार्यवाही को बदले की राजनीति बताया। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष राधेलाल भास्कर, जिला सदस्य अन्नपूर्णा चंद्राकर, जनपद सदस्य दिनेश कोशरिया, तेजस्वी चंद्रवंशी, गुरुदत्त शर्मा, काशीनाथ ठाकुर, गौतम शर्मा, सत्रुघन चंद्रवंशी, अतुल बरगाह, शैलेन्द्र गुप्ता, राजेन्द्र यादव, शिव गायकवाड़, कलेश साहू, उदित ठाकुर, खोवाराम भास्कर, वीरेंद्र चंद्राकर, सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बसनी बोल बम कांवरिया गांव के महादेव मंदिर में किया जल अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम बसनी के मां भवानी बोल बम सेवा समिति के द्वारा 18 वर्ष लगातार प्रतिवर्ष बोल बम में जा रहे हैं इस बार भी 45 कांवरिया प्रत्येक वर्ष के भांति माँ भावनी बोल बम सेवा समिति ग्राम बसनी से 15 जुलाई को अमरकंटक से जलेश्वर महादेव डोंगरिया एवं बूढ़ा महादेव कवर्धा मे 21 जुलाई को जल अभिषेक कर पूरे क्षेत्र की कुशलता एवं समृद्धि की कामना की गई जिसमें मां भवानी बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष शिव सिंह चौहान के द्वारा बताया गया कि 15 तारीख को ग्रामीण बसनी से अमरकंटक प्रस्थान किया उसके बाद वहां नर्मदा मां का विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए गांव के सुख शांति खुशहाली हम समृद्धि के लिए जल अभिषेक कर अमरकंटक से ग्राम बसनी 21 तारीख को महादेव में जल अभिषेक किया गया। वही गांव पहुंचते ही ग्रामीणों द्वारा मां भवानी बोल बम सेवा समिति का बाजे फटाका माला के साथ भव्य स्वागत किया गया एवं ग्राम वासियों के द्वारा अपने-अपने घर पर नारियल भेंट कर स्वागत किया गया जिसमें अध्यक्ष शिव सिंह चौहान, उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडेय, कोषाध्यक्ष बलराम साहू, सचिव अशोक रजक एवं समस्त मां भवानी बोल बम सेवा समिति सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

**चक्काजाम:** कवर्धा, पंडरिया, बोड़ला, स. लोहारा तथा कुण्डा में पूरे दो घंटे तक जाम रहे जिले के प्रमुख मार्ग

# ईडी व भाजपा सरकार के विरोध में कांग्रेस ने कवर्धा सहित जिलेभर में की आर्थिक नाकाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर केन्द्रीय जांच एजेंसी ईडी द्वारा केन्द्र एवं राज्य की भाजपा सरकार के दबाव में कांग्रेस पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर की जा रही द्वेष पूर्ण कार्यवाही के विरोध में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय कवर्धा सहित समूचे जिले में आर्थिक नाकाबंदी चक्काजाम कर अपना विरोध प्रकट किया और भाजपा सरकार तथा ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बात अगर जिला मुख्यालय कवर्धा की कि जाए तो यहां जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तथा शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ने मोर्चा स्थल रखा था। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय कवर्धा में चक्काजाम का आयोजन दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक कवर्धा-रायपुर नेशनल हाईवे स्थित छिरहा चौक में किया गया था। जहां वक्त से पहले ही बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने चक्काजाम स्थल में पहुंचकर और बकायदा मार्ग में ही तंबू तानकर मार्ग में चक्काजाम कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। चक्काजाम के दौरान पूरे दो घंटे तक नेशनल हाईवे पूरी तरह से जाम रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी तथा शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक सिंह तथा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी ने कहा कि केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार के दबाव में केन्द्रीय जांच एजेन्सी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके परिवार के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्यवाही की जा रही है। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी सत्ता रूढ़दल भाजपा द्वारा देश की जांच एजेंसियों के दुरूपयोग किए जाने तथा संविधान का गला घोंटने को लेकर लम्बे समय आवाज उठाते आ रही है। जिसका आज प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को मिल रहा है। उन्होने कहा कि विपक्षी दल के जो नेता, जनप्रतिनिधियों, आम जनता, गांव, गरीब, किसानों के हक और अधिकार की आवाज उठा रहे है उसके खिलाफ भाजपा की सरकार लगातार इस तरह की कार्यवाही कर उन्हें डराने, धमकाने और बेवजह परेशान करने का काम कर रही है। लेकिन कांग्रेस पार्टी भाजपा की इन कार्यवाहियों से डरने वाली नहीं है। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि हम भाजपा की इस तरह की दमनात्मक कार्यवाही का डंट कर सामना करेंगे। आज इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय कवर्धा सहित समूचे जिले में भाजपा सरकार के इशारे में ईडी की कार्यवाही का विरोध प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम किया है, जिसका व्यापक असर भी देखने को मिला है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू, श्रीमती सीमा अनंत अध्यक्ष महिला कांग्रेस कमेटी, श्रीमती ममता चंद्राकर पूर्व विधायक पंडरिया, श्रीमती प्रमिला पाण्डेय, ईश्वर शरण वैष्णव, अशोक सिंह ठाकुर अध्यक्ष कर कांग्रेस कमेटी, मणिकांत त्रिपाठी अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी कवर्धा, शितेष चंद्रवंशी अध्यक्ष एनएसयूआई कांग्रेस, संतोष यादव, मोहित महेश्वरी, आकाश केशरवानी, वीरेंद्र जांगड़े, आनंद सिंह ठाकुर, भोलाराम चंद्रवंशी, विनोद चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, तुकेश्वर साहू, रजपाल साहू, महेंद्र कुंभकार, भीषम पाण्डेय, वाल्मीकि वर्मा, सत्येंद्र , मनोज, किरण शर्मा, अशोक, गोकुल साहू, संजय धुर्वे, सुरेश वर्मा, बिन्नू तिवारी, धीरज ठाकुर, राहुल सिंह, जितेंद्र मानिकपुरी सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के सभी विंग के कार्यकर्ता व पदाधिकारी गण उपस्थित थे।



**जिले के प्रमुख मार्गो में दो घंटे तक थमा रहा आवागमन**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को जिले के पांच स्थानो में दोपहर 12.00 बजे से लेकर दोपहर 2.00 बजे तक किए गए चक्काजाम के चलते कवर्धा, पंडरिया, बोड़ला, स. लोहारा तथा कुण्डा से होकर गुजरने वाले प्रमुख मार्गो का आवागमन पूरे दो घंटे तक बाधित रहा। जिसके चलते मार्ग के दोनो और वाहनो की लम्बी कतारे लगी देखी गई। कहीं न कहीं इस चक्काजाम से लोगों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ा।

### जिले के पांच स्थानो में कांग्रेस का चक्काजाम

जिला मुख्यालय कवर्धा में जहां कांग्रेस ने कवर्धा-रायपुर नेशनल हाईवे स्थित छिरहा चौक के पास चक्काजाम किया वहीं विकासखण्ड मुख्यालय पंडरिया में कुकदुर चौक में चक्काजाम का आयोजन ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में किया गया। इसी प्रकार बोड़ला ब्लाक मुख्यालय में मिलन चौक में, स. लोहारा ब्लाक मुख्यालय में रेंगाखार मार्ग के पास तथा कुण्डा में बस स्टेण्ड के पास चक्काजाम का आयोजन कर कांग्रेस ने अपना विरोध प्रदर्शन किया। जिले में आयोजित इस चक्काजाम कार्यक्रम में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।



## 10.065 किलो ग्राम गांजा के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

- स्कूटी से जबलपुर ले जाई जा रही थी गांजा की खेप, चिल्फी पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की सीमावर्ती चिल्फी पुलिस ने एक बार फिर गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए चार अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने इन गांजा तस्करों के पास से 10.065 किलोग्राम गांजा जब्त किया है वहीं गांजा तस्करी में प्रयुक्त दो स्कूटी को भी जप्त किया गया है। गिरफ्त में आए गांजा तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) (आईआई) (बी) के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिल्फी पुलिस को विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली थी कि कुछ लोग स्कूटी से गांजा तस्करी करते हुए चिल्फी-बोड़ला मार्ग से होकर जबलपुर की ओर जा रहे हैं। इस सूचना के आधार पर चिल्फी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहनो की जांच शुरू कर दी। इसी दौरान स्कूटी क्रमांक एमपी 20 जेडके 7484 तथा स्कूटी क्रमांक एमपी 20 जेडयू 8278 में सवार चार लोगों की हरकतें संदिग्ध दिखाई देने पर पुलिस ने उन्हें रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस ने स्कूटी की डिक्की में छिपाकर रखा गया कुल 10.065 किलो ग्राम गांजा जप्त कर लिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी सोनू उर्फ सूरज, पिता छोटे सिंह ठाकुर उम्र 21 निवासी जबलपुर, राहुल ठाकुर, पिता कोटू ठाकुर उम्र 20 निवासी जबलपुर, अंकित पटेल, पिता कुंजीलाल पटेल उम्र 25 निवासी आधारताल, जबलपुर तथा अमर खरे, पिता गुड्डू खरे उम्र 23 निवासी आधारताल जबलपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध थाना चिल्फी में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) (आईआई) (बी) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया में प्रस्तुत किया है।

**खबर संक्षेप**



### मेडिकल स्टोरो में विभागीय टीम ने की जांच

**कवर्धा।** राज्य शासन एवं नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, रायपुर व कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार एवं सहायक औषधि नियंत्रक जिला के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं आयुर्वेद अधिकारी द्वारा जिला कबीरधाम में संचालित कास्मेटिक दुकानों, मेडिकल स्टोर्स एवं आयुर्वेदिक औषधियों में एलोपैथीक औषधियों की जांच की गयी। निरीक्षण के दौरान कन्हैया मेडिकल एजेंसी रायपुर रोड से स्मार्ट एंड हैंड्सम कास्मेटिक का नमूना गुणवत्ता एवं परीक्षण के लिए औषधि निरीक्षक जितेन्द्र पाटीदार के द्वारा लिया गया। शिव हर्बल एजेंसी बस स्टैंड कवर्धा से आयुर्वेदिक औषधि में एलोपैथीक औषधियों के मिलावट के संदेह पर आयुवेदिक औषधि ओर्थोजेसिक का नमूना जिला आयुर्वेद अधिकारी संजय श्रीवास्तव के द्वारा खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला कबीरधाम के निरीक्षक जितेन्द्र पाटीदार के साथ संयुक्त निरीक्षण के द्वारा लिया गया। शुभम के मार्ट राजनांदगांव रोड कवर्धा, शिद्धि कास्मेटिक बस स्टैंड कवर्धा फर्म का निरिक्षण किया गया एवं कास्मेटिक के क्रय रिकॉर्ड की जांच की गयी। उपाध्याय मेडिकल स्टोर्स, विश्वामित्रा आयुर्वेदिक चिकित्सालय कवर्धा, हिमालय आयुवेद महाराजपुर की जांच आयुवेदिक औषधि में एलोपैथीक औषधियों की मिलावट के सम्बन्ध में की गई।

### नाला में डूबे युवक की ईलाज के दौरान मौत

**कवर्धा।** जिले के बोड़ला थाना क्षेत्रांतर्गत पुलिस चौकी पोंड़ी क्षेत्र में मंगलवार को युवक की नाले में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। बताया जाता है ग्राम पोंड़ी निवासी पवन निषाद पिता लूर सिंह निषाद आयु करीब 27 वर्ष मंगलवार की सुबह मछली पकड़ने के लिए बुधवारा नाला में गया था। इसी दौरान व नाले के गहरे पानी में चला गया और पानी में डूब गया। जिसे लोगों ने निकालकर अस्पताल पहुंचाया लेकिन ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## नगर पंचायत बोड़ला के सार्वजनिक शौचालयों में महिनो से लटका ताला

### लोगों को हो रही भारी परेशानी, महिलाएं हो रही शर्मशार



- शौचालयों में कौन सा छिपा रखा है खजाना, पूछ रहे नगरवासी आखिर क्यों जड़ा गया है ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

नगर को स्वच्छ, साफ सुथरा बनाने और लोगों को सुविधा उपलब्ध कराने की मंशा से शासन ने लाखों रूपए की राशि स्वीकृत कर नगर पंचायत बोड़ला में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया है।

लेकिन बताया जाता है कि नगर पंचायत बोड़ला प्रशासन ने भगवान जाने इस सार्वजनिक शौचालय में कौन सा खजाना छिपा रखा है कि बीते करीब सात महिनो से इसमें ताला बंद है। नगर पंचायत प्रशासन के इस कृत्य से न तो शासन की मंशा साकार हो पा रही है और न ही नगर वासियों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचने वाले मरीजों और उनके परिजनो को सार्वजनिक शौचालय का लाभ मिल पा रहा है। इस संबंध में नगर पंचायत बोड़ला प्रशासन से पूछे जाने पर बताया कि नगर पंचायत में सफाई अमले की कमी के कारण शौचालय को बंद रखा गया है।

हैरानी की बात यह है कि नगर पंचायत द्वारा ही नगर में कई और स्थानो में सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठ रहा है की जब नगर पंचायत के पास सफाई अमला ही नहीं है तो फिर इन नए शौचालयों का निर्माण की बेवजह आम जनता की गाढ़ी कमाई सरकारी धन का दुरूपयोग आखिर क्यों किया जा रहा है। या फिर नए बनने वाले सार्वजनिक शौचालयों में भी नगर पंचायत इसी तरह से ताला लगाकर सिर्फ अपना रिकार्ड दुरूस्थ करना चाहता है। नगर पंचायत और शासन, प्रशासन की मंशा भले ही जो भी हो लेकिन निश्चित रूप से सार्वजनिक शौचालय में ताला जड़े होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि यह सार्वजनिक शौचालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास स्थित है जहां पूरे ब्लाक के ग्रामीण अपने परिजनो का ईलाज कराने आते हैं और यहां रूकते भी है ऐसे में उनके लिए इस सार्वजनिक शौचालय की उपयोगिता काफी बढ़ जाती है लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि उन्हें स्वच्छ भारत मिशन के इस दौर में इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। बताया जाता है कि नगर पंचायत बोड़ला के मुख्य बाजार में निर्मित सार्वजनिक शौचालय का भी यही हाल है, इसमें भी हर हमेशा ताला लटका रहता है। ऐसे में रविवार को यहां लगने वाले साप्ताहिक बाजार में आने वाले क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

सर्वाधिक परेशानी महिलाओं को होती है और उन्हें शर्मशार होना पड़ता है। नगरवासियों ने प्रशासन तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से इन शौचालयों को चौबिस घंटे खुले रखे जाने की मांग की है।

## गौरक्षकों की गिरफ्तारी के विरोध में बजरंगदल व गौरक्षकों ने सिर मुंडवाकर किया विरोध प्रदर्शन

- गौ-रक्षकों व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन जिला मुख्यालय में लगातार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



तथा कथित मारपीट एवं गाली गलौंच मामले में जिला पुलिस प्रशासन द्वारा गौ रक्षकों की गिरफ्तारी के विरोध में जिला मुख्यालय कवर्धा में लगातार तीन दिनो से धरना प्रदर्शन कर रहे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने मंगलवार को अनोखा प्रदर्शन करते हुए अपना सिर मुंडवाकर विरोध प्रकट किया। कवर्धा नगर स्थित भारत माता चौक में धरना प्रदर्शन कर रहे बजरंगदल व गौ-रक्षक संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि गौ रक्षकों की गिरफ्तारी के विरोध में संगठन की क्रमिक भूख हड़ताल लगातार जारी है जहां उन्हाने पहले नगाड़ा बजाकर तथा भजन कीर्तन कर अपना विरोध प्रकट किया वहीं मंगलवार को संगठन के कार्यकर्ताओं ने गौवंश के सामने सिर मुंडवाकर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि हाल ही में गिरफ्तार किए गए गौ-रक्षक सागर साहू और पूरन पाली को तत्काल रिहा किया जाए। बजरंगदल का आरोप है कि पुलिस ने मारपीट के एक मामले में सागर साहू और पूरन पाली को बिना उचित जांच के जेल भेज दिया। उनका कहना है कि यह कार्यकर्ताओं के साथ अन्याय है और प्रशासन की दबाव पूर्ण कार्यवाही है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोनों आरोपियों को रिहा नहीं किया गया, तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि गौ-सेवा करने वालों को अपराधी की तरह जेल भेजा जाना निंदनीय है, और वे इस अन्याय के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आए युवक की मौके पर दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वर्षाकाल के इस सीजन में आकाशीय बिजली लगातार लोगों के लिए काल साबित हो रही है। जानकारी के मुताबिक बीते सोमवार को एक बार फिर जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कांदावानी के आश्रित ग्राम धुरसी में आकाशीय बिजली की चपेट में आने एक ग्रामीण युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को ग्राम पंचायत कांदावानी के आश्रित ग्राम धुरसी निवासी सोनसिंह बैगा पिता गोवर्धन बैगा आयु 25 वर्ष खेत में काम कर रहा था। बताया कि जाता है कि इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने से सोनसिंह उसकी चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इसकी जानकारी ग्रामीणों ने क्षेत्रीय पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है।

### चयन परीक्षा 2025-26 के परिणाम जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पं. जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना (संशोधित 2021) के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए विद्यार्थियों के चयन के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम प्रकाशित कर दिया गया है। विभागीय जानकारी के मुताबिक यह परीक्षा 30 मार्च 2025 को आयोजित की गई थी, जिसमें सम्मिलित विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है। सभी विद्यार्थियों से समय-सीमा के भीतर दावा-आपत्ति दर्ज कराने की अपील की गई है।

**04 ग्रामों के 1578 उपभोक्ताओं को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति**

## पिपरिया सब स्टेशन में लगाया गया 05 एमव्हीए का पॉवर ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

कबीरधाम जिलें के ग्राम पिपरिया में विद्यमान 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में 3.15 एमव्हीए के पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता को बढ़ाकर 5 एमव्हीए के नए पॉवर ट्रांसफार्मर को स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया है। इस अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीश सेलट एवं अधीक्षण अभियंता कवर्धा वत्त रंजीत घोष ने इस कार्य को सफलतापूर्वक किए जाने पर कार्यपालन अभियंता परियोजना केएल उइके, कार्यपालन अभियंता एसटीएम एमके आर्या, सहायक अभियंता मनीष साहू, संदीप कुमार सोनी, उत्तर कुमार धृतलहरे और उनकी टीम की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। विद्युत विकास के इस कार्य से पिपरिया उपकेन्द्र की पॉवर क्षमता 3.15 एमव्हीए से बढ़कर 5 एव्हीए हो गया है। विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के अथक प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से पिपरिया उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले अनेक गांवों के किसानों तथा उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। कवर्धा संभाग के कार्यपालन अभियंता जीएस फ्लोरा ने बताया कि पिपरिया उपकेन्द्र में 64 लाख रुपए की लागत से स्थापित नये 05 एमव्हीए का पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से ग्राम पिपरिया, खाम्ही, धरमपुरा एवं मानिक चौरी के 1578 उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा।



## 27 जुलाई को मां महामाया बोलबम समिति ग्राम बदराडीह के 75 बम होंगे अमरकंटक के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

देवों के देव भगवान महादेव की भक्ति के लिए समर्पित श्रावण के पवित्र महिने में कबीरधाम जिले के शिवभक्तों में भारी उत्साह और शिव भक्ति देखने को मिल रही है।

श्रावण के इस पवित्र मास में बड़ी संख्या में जिले भर के शिवभक्त मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक, मध्यप्रदेश के मण्डला सहित बाबा बैजनाथ धाम तक पहुंचकर कांवड़ यात्रा और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं। इसी कड़ी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम बदराडीह की मां महामाया बोल समिति के बैनर तले कांवरियों का दल क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना के संकल्प के साथ पवित्र कांवड़ यात्रा करेगा। इस संबंध में समिति के सचिव मोरध्वज पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि मां महामाया बोलबम समिति के तत्वाधान में 27 जुलाई को 85 सदस्यीय दल ग्राम बदराडीह से अमरकंटक के लिए प्रस्थान करेगा।



जिसमें 75 बम तथा 10 व्यवस्थापक शामिल रहेंगे। उन्होने बताया कि कांवरियों का दल 30 जुलाई को मां नर्मदा का पवित्र जल कांवड़ में भरकर पूजा अर्चना के बाद अपनी कांवड़ यात्रा प्रारंभ करेंगे और 4 अगस्त को कवर्धा के शिवालयों में जलाभिषेक किया जाएगा। समिति द्वारा इस कांवड़ यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।